# निवेशकों को जल्द मिले जमीन : मिश्र

लखनऊ। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा है कि ग्राउंड ब्रेकिंग सेरमनी ( भूमि पूजन ) में 10 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों का शिलान्यास कराया जाना है। इसके लिए हर निवेशक से संवाद किया जाए। उन्हें समय से जमीन व एनओसी उपलब्ध करा दी जाए।

मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने गुरुवार को इंवेस्ट यूपी 2.0 की समीक्षा बैठक में यह बातें कहीं। मुख्य सचिव ने कहा कि एमओयू को यथाशीघ्र चिन्हित कर लिया जाए, जो ग्राउड ब्रेकिंग सेरमनी के लिए तैयार एमओयू को चिन्हित कर लिया जाएग। संबंधित विभाग निवेशकों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं को समझें और उनका समाधान कराएं। निवेशकों को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आनी चाहिए।